कल से शुरू होगा ऐतिहासिक अजयपाल मेला, दो ही दिन होंगे मूर्ति के दर्शन

नवभारत न्यूज

अजयगढ़/पन्ना 13 जनवरी। मकर संक्रांति पर्व पर अजयगढ़ के अजय पाल किले पर अजयपाल मंदिर में कल मकर संक्रांति के दिन मेला भरेगा जिसमें दूर-दूर से लोग अजय पाल महाराज की वर्ष में 2 दिन दर्शन होने वाली मूर्ति को दर्शनों के लिए श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचेंगे एवं अपनी मन्नत के मुताबिक सवाई देसी घी के रोट चढ़ाने वालों का भी विशाल जमावड़ा रहेगा।

क्योंकि अजय पाल किले में अजय पाल मंदिर की परंपरा है की सवाई देसी घी के रोट अजय पाल भगवान को चढ़ाए जाते हैं। मुख्य रूप से अजयगढ़ में मकर संक्रांति के पर्व में दो ही दिन का विशाल मेला रहता है जिसमें ऊपर पहाड़ी के ऊपर बने अजय पाल मंदिर में लोग चढ़ते हैं एवं बस्ती में नीचे मेला कई दिनों तक लगा रहता है।

नगर परिषद के द्वारा पिछले 4 वर्षों से नगर में मकर संक्रांति के दिन नगर गौरव दिवस के रूप में मनाया जाने लगा है जो मेला ग्राउंड बड़ी फील्ड में ही आयोजित होगा जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय

विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह होंगे जिसमें नगर के उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को उच्च शिक्षा अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को नगर की प्रतिभाओं को मकर संक्रांति के दिन मंच से प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देने की भी नगर गौरव दिवस के दिन आयोजित किया जाता है और लोगों को सम्मानित किया जाता है। नगर में गौरव दिवस के दिन प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बुंदेलखंड के आकाशवाणी कलाकार साहब सिंह चंदेल, रागिनी निषाद, घनश्याम सिंह यादव, रणजीत सिंह चंदेल, जय सिंह चंदेल आदि कलाकार भी गौरव दिवस के अवसर पर मेला ग्राउंड में अपनी प्रतिभा एव कला का प्रदर्शन करेंगे।

अजयगढ़ के मकर संक्रांति पर्व में मेले में लगने वाली विभिन्न दुकानों के साथ-साथ यहां की प्रचलित दुकान हैं पत्थर के सिलबट्टा दाल दलने की पत्थर की चक्की पत्थर के समान अजयगढ़ की रियासत कालीन समय से चली आ रही ज़रूरतें जो ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी चलन में मिलती है इसके अलावा लोहे की छोटी से लेकर बड़ी कढ़ाई, गन्ना, गड़िया गुल्ला और गुड़ की जलेबी पहले से ही अजयगढ़ मेले की खूबसूरती या पहचान रही है। इस तरह से मकर संक्रांति के पर्व में अजयगढ़ में मकर संक्रांति पर्व का मेला बहुत पुरानी परंपरा से लगता चला आ रहा है जिसमें लाखों लोग अजय पाल की मूर्ति के दर्शन दो दिन में करते हैं।

प्रवेश चयन परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ

नवभारत न्यूज

पन्ना 13 जनवरी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालयों एवं विकासखण्ड स्तरीय मॉडल विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ किए गए हैं।

जिला स्तरीय उत्कृष्ट तथा विकासखण्ड स्तरीय मॉडल विद्यालयों में प्रवेश राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। इस परीक्षा में वे विद्यार्थी भाग लेने के पात्र होंगे, जो वर्तमान में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत हैं। चयन मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा। प्रवेश चयन परीक्षा की संभावित तिथि 8 फरवरी निर्धारित की गई है।

आवेदन की अंतिम तिथि 16 जनवरी तक निर्धारित है। परीक्षा हेतु आवेदन शुल्क 200 रुपए निर्धारित है, जो कियोस्क के माध्यम से जमा किया जा सकता है।

आवेदन एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर किए जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



लखपति दीदी के हौसलों की उड़ान कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

पवई/पन्ना 13 जनवरी। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पवई द्वारा लखपति दीदी योजना अंतर्गत हौसलों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय हौसलों की उड़ान कार्यक्रम के पहले दिन लखपति दीदियो का जनप्रतिनिधियों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम का परिचय श्रीमती माया नामदेव समता समन्वयक द्वारा दिया गया।कार्यक्रम मे लखपति दीदियो ने अपनी अपनी गतिविधि संचालन की जानकारी दिया। कार्यक्रम मे मंडल अध्यक्ष पवई सुश्री निधि पटैरिया द्वारा महिलाओ को सम्बोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण के उदाहरण देते हुए शासन की महिला हितैसी योजना के बारे मे बताया गया। जनपद उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह द्वारा सम्बोधित करते हुए महिलाओ को समझाया गया की आमदनी कमाने मे कभी संतोष नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम मे लखपति दीदियो को प्रमाण पत्र और सील्ड वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन मे विकासखंड प्रबंधक, सहायक विकासखंड प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक, सीआरपी दल का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

संकल्प से समाधान अभियान में मिलेगा 106 सेवाओं का लाभ

नवभारत न्यूज

पन्ना 13 जनवरी। शासन के निर्देशानुसार आगामी 31 मार्च तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनयोजनाओं और सेवाओं का हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान की शुरूआत की गई है।

इसके माध्यम से विभिन्न विभागों की 106 सेवाओं का लाभ नागरिकों को मिल सकेगा, जिसके तहत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की 18, वित्त विभाग की 3, राजस्व विभाग की 8, महिला एवं बाल विकास विभाग की 2, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग की 1, नगरीय विकास एवं आवास विभाग की 14, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की 5, जनजातीय कार्य विभाग की 2, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की 7, ऊर्जा विभाग की 4, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की 2, उच्च शिक्षा विभाग की 5, सामान्य प्रशासन विभाग की 7, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की 6, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की 5, श्रम विभाग की 5, सहकारिता विभाग की 3, परिवहन विभाग की 3, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की 3, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग की 1 तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की 2 योजना व सेवाओं का लाभ विभिन्न स्तर पर सुनिश्चित किया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा अभियान के चरणबद्ध और समय सीमा में क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला पंचाजत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी को ग्रामीण क्षेत्र के लिए तथा जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी शशिकपूर गढ़पाले को नगरीय क्षेत्रों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सलेहा थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक

नवभारत न्यूज

पन्ना 13 जनवरी। सलेहा थाना क्षेत्र जो जुआं एवं अवैध गांजे की खेती के लिए प्रसिद्ध है जो आज भी जारी है। लेकिन अब पुलिस की सुस्ती के चलते चोरों की चांदी कट रही है। पुरानी कई चोरियों का खुलासा आज तक नहीं हो सका जिस कारण चोरों के हौंसले बुलंद हैं।

यही कारण है कि गत दिनों एक ही रात मे लगभग आधा दर्जन घरों को चोरों ने निशाना बनाया और नगदी एवं सोने चांदी के जेवरों सहित चोरों ने पार कर दिये। हासिल जानकारी के अनुसार सलेहा थाना अंतर्गत ग्राम गंज में 10 जनवरी की रात अज्ञात चारों ने एक के बाद एक चोरी की वारदातों को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत फैला दी। एक साथ 7 से 8 घरों के ताले तोड जाने से पूरे गांव में सनसनी है। ग्रामीणों के अनुसार गंज गांव में आज तक इसी तरह की वारदात नहीं हुई है। बताया जा रहा है अज्ञात चोरों ने उन घरों को निशाना बनाया है जिन परिवारों के सदस्य बाहर गए हुए थे और जिन मकानों में ताले लगे थे। चोरों ने बडे ही शातिराना अंदा में ताले तोडकर घरों में प्रवेश किया और नगदी सहित सोने चांदी के कीमती जेवरात एवं अन्य सामान चोरी कर लिया। थाना सलेहा में प्राप्त एफआईआर के अनुसार फरियादी अरविंद द्विवेदी पिता गणेश प्रसाद उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम गंज ने शिकायत दर्ज कराई कि 9 -10 जनवरी की दरम्यानी रात उनके घर के मुख्य दरवाजे व अंदर के कमरों के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की गई।

चोरों ने घर से सोने चांदी के जेवरात, नगदी सहित अन्य कीमती सामान पार कर दिया। इसके अलावा गांव के रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय, पिन्की पिता गणेश वंशकार, अशोक कुमार भट्ट, संतराम साहू, रामा चैरसिया के घर मे चोरी की घटना घटित हुई है। फरियादी की शिकायत पर थाना सलेहा में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता धारा 331 (4) एवं 305 (ए) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

फॉर्मर आईडी होने पर ही उर्वरक के लिए जनरेट होगा टोकन

नवभारत न्यूज

पन्ना 13 जनवरी। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उर्वरक वितरण की नवीन व्यवस्था के संबंध में अवगत कराने के उद्देश्य से ई-टोकन प्रणाली संबंधी जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

कलेक्टर ऊषा परमार ने कहा कि इसके सफल क्रियान्वयन के लिए किसानों का फॉर्मर आईडी होना आवश्यक है। किसान आईडी बनवाने के लिए पटवारी, ग्राहक सेवा केन्द्र और एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

प्रशिक्षण में ई-टोकन जनरेट करने की प्रक्रिया बताई गई, जिसके तहत किसान को एमपी कृषि की वेबसाइट पर ई विकास प्रणाली लिंक पर क्लिक करना होगा। मुख्य पृष्ठ पर ई-टोकन ऑप्शन पर क्लिक कर आधार नंबर के जरिए पंजीयन व ई-टोकन जनरेट किया जा सकता है।

इसके लिए किसान के पास फॉर्मर आईडी होना जरूरी है। प्रशिक्षण में उप संचालक कृषि ओ.पी. तिवारी सहित जिला विपणन अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, सहायक आयुक्त सहकारिता के प्रतिनिधि, विपणन संघ गोदाम प्रभारी तथा प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति के समिति प्रबंधक भी उपस्थित थे।

पर्यटन मंत्री ने राहुल को कलामित्र सम्मान से किया सम्मानित

बुंदेलखण्ड की संस्कृति को मिला सम्मान

नवभारत न्यूज

पन्ना 13 जनवरी। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने गत दिवस दमोह में संपन्न हुए दो दिवसीय बुंदेलखण्ड फिल्म फेस्टिवल एवं फिल्म पर्यटन समागम के गरिमामय कार्यक्रम में पन्ना के नवोदित गायक कलाकार राहुल जोशी का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।

राहुल जोशी वरिष्ठ पत्रकार विश्वनाथ जोशी के पुत्र हैं। इस कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता और रचनात्मक प्रतिभा, कला एवं समर्पण से महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने पर राहुल जोशी को कलामित्र सम्मान से सम्मानित किया गया। दमोह में बुंदेलखण्ड फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 10 एवं 11 जनवरी को सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। राहुल जोशी की उपलब्धि पर परिवारजनों एवं इष्टमित्रों ने शुभकामनाएं दी हैं।

नकली मोटर पार्टस की बिक्री के चलते कैसे चलेगी गाड़ी

नवभारत न्यूज

पन्ना 13 जनवरी। अगर आप अपनी बाइक या कार की मरम्मत कराने के लिये मार्केट से आटो स्पेयर पार्ट्स खरीदते है तो सावधान हो जाइये। बाजार में बेचा जा रहा हर तीसरा पार्ट डुप्लीकेट है। डुप्लीकेट पार्ट्स का यह कारोबार पूरे जिले में फैला हुआ है।

काबिल ए गौर है कि असली ऑटो पार्ट्स बनाने वाली कम्पनियां इस मामले में चुप्पी साधे बैठी है। जबकि आम उपभोक्ता और मैकेनिकों के लिये इसकी पहचान करना भी कठिन है। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में दौड़ने वाली अधिकांश गाड़ियां चाहे वह मोटर बाइक हो या चार पहिया वाहन। नकली आटो पार्ट्स के भरोसे दौड़ रही है। इस दौड़ के दौरान कब उनकी मशीन जवाब दे दे और चालक तथा सवार काल के गाल में समा जाए इसकी कोई गारंटी नहीं है। ऑटो पार्ट्स दुकानों में असली के साथ नकली पार्ट्स का कारोबार जोर-शोर से जारी है। कुछ पैसे सस्ता होने के कारण अपने वाहन और जीवन के प्रति लापरवाही बरतने वाले वाहन मालिक इन पार्ट्स का जानबूझ कर इस्तेमाल करते है जबकि जो लोग नकली पार्ट्स अपने वाहन में नहीं लगाना चाहते है उन्हें जानकारी के अभाव में इन पार्ट्स के जाल में फंसना पड़ता है। हीरो होण्डा, बजाज, टीवीएस मोटर वाइक कम्पनियों के उन वाहनों में ही असली पार्ट्स लगे होते है जो गाड़ियां नई और शो रूमें से उठी होती है।

सड़क पर आने के बाद जब भी वाहन मालिक अपने वाहन की मरम्मत के लिये मैकेनिक के दुकान पर पहुंचता है मैकेनिक उससे खराब हुए पार्ट्स की कीमत तो वसूलता है लेकिन असली का दामलेकर नकली पार्ट्स लगाने से गुरेज नहीं करता। इस हेराफेरी से उसे अपनी मजदूरी के अलावा कुछ पैसे अतिरिक्त मिल जाते है। सिर्फ मैकेनिक ही नकली पार्ट लगाकर पैसे बचाते हों यह जरूरी नहीं है। आटो पार्ट्स विक्रेता भी ग्राहक देखकर ही पार्ट्स देते है। यदि कोई गरीब ग्रामीण या गैर जानकार ग्राहक उसकी दुकान में पार्ट्स लेने आता है तो विक्रेता ऐसे ग्राहकों को शिनाख्त बड़ी आसानी से कर लेते है और उन्हें असली पार्ट्स की कीमत पर नकली और घटिया किस्म का पार्ट थमा कर चलता कर देते है। ऐसे कई मामले सामने आ चुके है जब आटो पार्ट्स विक्रेताओं द्वारा ग्राहक को नकली पार्ट्स दिये गये हों। तारीफ की बात यह है कि दुकानदारों और मैकेनिकों के बीच गहरी सांठगांठ होती है। ऐसा नहीं है कि डुप्लीकेट ऑटो पार्ट्स का कारोबार सिर्फ जिले में हो रहा है। मध्यप्रदेश के अन्य जिलों में भी बड़े पैमाने पर डुप्लीकेट ऑटो पार्ट्स बेचे जाते है।

बताया जाता है कि बाइक, कार, बस, ट्रक और तिपहिया आदि वाहनों में इस्तेमाल होने वाले स्पेयर पार्ट्स के मार्केट में असली और नकली के बीच अन्तर कर पाना काफी कठिन है। माइक्रो कम्पनी के प्लग को ही देखा जाए तो असली और नकली के बीच कोई विशेषज्ञ ही अन्तर बता पाएगा। इसी तरह ऐसी के फिल्टर, रिंग, पिस्टन, कमानी, पट्टे, क्लच प्लेट, स्टेपरिंग सस्पेंशन और ब्रेक वायर सहित तमाम ऐसे ऑटो स्पेयर पार्ट्स है जिनकी मार्केट में सर्वाधिक खपत होती है और यही सामग्रियां अधिकांशतः डुप्लीकेट बेची जाती है। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इन नकली आटो पार्ट्स की बिक्री को रोकने की दिशा में न तो असली पार्ट्स बनाने वाले कम्पनियां कोई कदम उठा रही है और न ही वाहन मालिक, चालक या सुधारक इस दिशा में कोई ठोस पहल कर पा रहे है। कुल मिलाकर स्थिति यह है कि सड़क पर दौड़ने वाली हर दूसरी तीसरी गाड़ी पर बैठा हुआ व्यक्ति मौत के घोड़े पर सवार नजर आता है।

शुद्ध पेयजल आपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन सतर्क

नवभारत न्यूज

देवेंद्रनगर/पन्ना 13 जनवरी। नगर परिषद देवेंद्रनगर के नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उदेश्य से कमिश्नर नगरीय प्रशासन भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर पन्ना के निर्देश पर नगर परिषद देवेंद्रनगर द्वारा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी परीक्षण एवं सफाई कार्य किया जा रहा हैं।

मंगलवार को नगरीय प्रशासन, अवस्थी एसडीओ पीएचई पन्ना,के के तिवारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सहित मैदानी अमले द्वारा नगर में संचालित 4 फिल्टर प्लांट परी एक्का चिल्ड वाटर राममंदिर अतुल गुप्ता,सजल मिनरल वाटर प्रोपाइटर सौरभ अग्रवाल, शिवम एक्का आजेंद्र श्रीवास्तव एवं निक्की चिल्ड वाटर का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। जहां पर पानी के सैंपल लेकर जांच हेतु पन्ना भेजा गया।

कायाकल्प असेसमेंट में की व्यवस्थाओं की जांच

नवभारत न्यूज

पन्ना 13 जनवरी। जिला चिकित्सालय पन्ना में मंगलवार को कायाकल्प पियर असेसमेंट के तहत राज्य स्तरीय कायाकल्प असेसर डॉ. अरूणेन्द्र शुक्ला एवं डॉ. अमित प्रकाश जैन द्वारा साफ-सफाई, सुरक्षा एवं उपचार की गुणवत्ता इत्यादि की जांच कर स्टॉफ का इंटरव्यू लिया गया।

इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. आलोक कुमार गुप्ता एवं क्वालिटी नोडल ऑफिसर डॉ. स्मृति गुप्ता सहित आरएमओ डॉ. सौरभ त्रिपाठी, सहायक क्वालिटी नोडल ऑफिसर डॉ. शोभित तिवारी, सहायक प्रबंधक डॉ. दिव्या नागवंशी, जिला क्वालिटी मॉनिटर लवली सोनी, मेट्रन गीता श्रीवास्तव, इंटरनल असेसर एंजलीना गुप्ता, निधि गुप्ता, लक्ष्मी लोधी, स्टूवर्ड आर.के. सोनी एवं अन्य स्टॉफ भी उपस्थित रहा।

बोर्ड परीक्षा के लिए उड़नदस्ता दल गठित, प्रेक्षक भी नियुक्त

नवभारत न्यूज

पन्ना 13 जनवरी। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की आगामी बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। यह दल परीक्षाओं के व्यवस्थित संचालन के लिए परीक्षा केन्द्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा नकल की रोकथाम के लिए जिम्मेवार होगा।

जिले के कुल 48 परीक्षा केन्द्रों के लिए पांच दल का गठन कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। पन्ना जिले में पांच संवेदनशील परीक्षा केन्द्र क्रमशः शासकीय उ.मा. विद्यालय बोरी, सिमरिया, सुनवानीकला, खोरा एवं मोहन्द्रा हैं, जबकि परीक्षा केन्द्र शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय अतिसंवेदनशील घोषित है।

इन केन्द्रों के लिए प्रेक्षकों की नियुक्ति भी की गई है। एक मात्र अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्र मनहर विद्यालय के लिए जनपद पंचायत सीईओ जयशंकर तिवारी को प्रेक्षक बनाया गया है, जबकि संवेदनशील परीक्षा केन्द्र मोहन्द्रा के लिए कार्यपालन यंत्री बी.के. रिछारिया, सिमरिया के लिए जनपद पंचायत सीईओ अखिलेश उपाध्याय, खोरा के लिए सतीश नागवंशी, बोरी के लिए भगवान सिंह राजपूत तथा सुनवानीकला के लिए रानू जैन को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ऊषा परमार द्वारा जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार एवं मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रसारित अधिसूचना के तहत जनगणना 2027 के लिए तत्काल प्रभाव से अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपा गया है, जिसके तहत अपर कलेक्टर को जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना अधिकारी को अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी प्राधिकृत किया गया है। इनका क्षेत्राधिकार संपूर्ण जिला निर्धारत है, जबकि समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को उनके क्षेत्राधिकार अंतर्गत अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, तहसीलदार को चार्ज जनगणना अधिकारी, नायब तहसीलदार को अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है।

पवई नगर के समस्त विद्यालयों में हुआ युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार

नवभारत न्यूज

पवई/पन्ना 13 जनवरी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महान दार्शनिक विद्वान अभिभाषक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश भर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के साथ सभी शैक्षणिक संस्थानों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया।

स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार यह आयोजन एक ही समय और एक ही संकेत पर आयोजित किया गया। इसी के तहत सोमवार 12 जनवरी को पवई नगर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजित किया गया इसमें संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित अन्य विद्यालय शामिल रहे। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत,मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया, सीएमओ विनीत नगायच सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

खनन माफिया के हौसले बुलंद, ग्राम पंचायत उमरी में अवैध उत्खनन जोरों पर

नवभारत न्यूज

पन्ना 13 जनवरी। पहाड़ी खेरा से तकरीबन 4 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत उमरी के पटवारी हल्का नंबर 43 ग्राम हरदोहाई में अवैध उत्खनन जोरों पर एलएनटी मशीन के द्वारा अवैध उत्खनन किया जा रहा है।

दिनदहाड़े दबंगई दबंगई से कई हाईवा के द्वारा मिट्टी मोरम व पत्थरों की ढुलाई की जा रही है लेकिन राजस्व विभाग के अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं है या फिर जानबूझकर मूक दर्शक बने हैं क्योंकि हल्का नंबर 43 के पटवारी को जानकारी होते हुई भी अनदेखा किया जाता है या तो फिर हल्का पटवारी अपने हलके में नियुक्त होने के बाद भी यहां निवासरत नहीं है या कभी कबार आना-जाना होता है जिसके चलते कहीं ना कहीं राजस्व विभाग की उदासीनता के चलते ऐसे अबैध उत्खनन जोरों पर है जिसके चलते खनन माफियाओं को कानून के नाम का या प्रशासन का कोई भय नहीं है यहां तो ऐसा प्रतीत होता है कहीं ना कहीं विभाग

की मिली भगत से ही ऐसे अवैध उत्खनन दिनदहाड़े पहाड़ी खेड़ा से 3 किलोमीटर की दूरी पर पहाड़ी खेड़ा मझगवां मुख्य मार्ग के बगल में ही अबैध उत्खनन जोरों पर है जहां पर एनीटाइम पहुंच के अवैध उत्खनन देखा जा सकता है। गौरतलब है ग्राम हरदुहाई मे निवासरत लोगों का कहना है की दर्जनों डम्फरों के माध्यम से यहां से मोरुम मिट्टी और पत्थरों की ढुलाई की जाती है।

एलएनटी मशीन दिन रात बराबर काम कर रही है लेकिन आज तक कोई भी जिले का राजस्व अधिकारी व हल्का पटवारी देखने नहीं आया जिसके चलते ऐसा प्रतीत होता है लोगों का मत है कि हो ना हो प्रशासन की मिलीभगत से अवैध उत्खनन किया जा रहा है जिससे राजस्व की हानि हो रही है स्थानीय लोगों का कहना है यह अबैध उत्खनन बंद हो जिसके चलते जमीन के अवैध दोहन को रोका जा सके अब देखना यह है की जिला प्रशासन राजस्व विभाग खनिज विभाग इस अवैध उत्खनन पर लगाम लगाते हैं या नहीं यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

क्या कहते हैं अधिकारी

जब उपरोक्त मामले में नायब तहसीलदार बृजपुर वृत्त शशिकांत दुबे से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि आपके द्वारा मामला संज्ञान मे लाया गया वे सम्बंधित पटवारी को भेजकर जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करेंगे।